कार्यालयः वन प्रमण्डल पदाधिकारी, जमशेदपुर वन प्रमण्डल, जमशेदपुर।
(सी० एच० एरिया रोड नं० 1, जमशेदपुर 831001)
दूरभाष संख्या-- 0657--2231017, फैक्स--0657--2231017, ई--मेल-- dfo-jamshedpur@gov.in

जहाँ है हरियाली
वहाँ है खुशहाली

पत्रांकः 1392 / जमशेदपुर

दिनांकः 07/05/2019

सेवा में,

कार्यपालक अभियन्ता,
पथ निर्माण विभाग,
पथ प्रमंडल, जमशेदपुर।

विषय :-- जमशेदपुर वन प्रमंडल अन्तर्गत पिपला मोड़ (एन०एच०--33) से घोड़ाबान्धा होते हुये गोविन्दपुर अन्ना चौक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अधिसूचित वनभूमि 16.04 हे० एवं जंगल--झाड़ी 0.71 हे० कुल 16.75 हे० वनभूमि अपयोजन हेतु Wild life management Plan हेतु राशि का Demand Note उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :-- प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य प्राणी एवं मुख्य वन्य प्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, राँची का कार्यालय कार्यालय आदेश संख्या 10 दिनांक 18.03.2019 तद्नुसार आपका पत्रांक 977 दिनांक 29.04.2019

महाशय,

उपरोक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या वनभूमि 18/2018--4896 व०प० राँची दिनांक 06.12.2018 द्वारा विषयान्तर्गत कुल 16.75 हे० वनभूमि अपयोजन की प्रथम स्टेज की स्वीकृति के आलोक में निर्धारित शर्तों यथा शर्त संख्या vi के अनुपालन के क्रम में आपके द्वारा समर्पित Wild life management plan का अनुमोदन प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य प्राणी एवं मुख्य वन्य प्राणी प्रतिपालक, झारखण्ड, राँची के कार्यालय आदेश संख्या 10 दिनांक 18.03.2019 द्वारा किया गया है। अनुमोदित Wild life management plan के अनुसार कुल 110.08 लाख राशि में से 99.58 लाख राशि का व्यय वन विभाग द्वारा किया जाना है, शेष 10.52 लाख राशि का व्यय पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, जमशेदपुर द्वारा किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि शर्त संख्या vi के अनुपालन हेतु 99.58 लाख रूपया ऑन लाईन मोड में CAMPA खाते में जमा की जाय। साथ ही जमा राशि की पूर्ण विवरणी Levis Format में भी इस कार्यालय में समर्पित किया जाय।

विश्वासभाजन

वन प्रमंडल पदाधिकारी
जमशेदपुर वन प्रमंडल
जमशेदपुर।

Scanned by CamScanner